दिनांकः 07.11.2026 समय : 01.00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

0000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 151 वर्ष पूरे होने पर देशवासियों को बधाई दी है। राष्ट्रपति ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान वंदे मातरम् देशभक्तों के लिए साहस, एकता और संकल्प का नारा बना था। उन्होंने कहा कि आज भी यह राष्ट्रीय पहचान, आत्मसम्मान और मातृभूमि के प्रति समर्पण का प्रतीक है। राष्ट्रपति ने नागरिकों से वंदे मातरम् में निहित राष्ट्र प्रथम की भावना अपनाने और देश को मजबूत बनाने तथा उसकी प्रगति में योगदान देने का आग्रह किया।

000

स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने लोगों से अपील की है कि वे कैंसर से बचाव, इसके शुरूआती संकेतों को समझने और समय पर इलाज के लिए अपनी जागरूकता बढायें। आज राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस पर सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि जागरूकता बढाना और समय पर जांच कराना कैंसर से मुकाबले के लिए अहम हैं। श्री नड्डा ने कहा कि मुंह, स्तन और सर्वाइकल कैंसर के मामले आम हैं और इनकी जांच करानी चाहिए। उन्होंने लोगों को तम्बाकू और शराब से दूर रहने, नियमित रूप से व्यायाम करने, स्वस्थ खान–पान बनाये रखने और असामान्य लक्षण दिखने पर जांच कराने की सलाह दी। श्री नड्डा ने लोगों से अपील की कि वे कैंसर की जांच के लिए अपने नजदीकी आयुष्मान आरोग्य मंदिर या स्वास्थ्य केन्द्र जरूर जाएं।

000

राज्य में पंचायतीराज के चौथे चरण में प्रत्याशियों की तस्वीर साफ हो गई। इस चरण में 25 जिलों की 115 पंचायत समितियों की 2 हजार 133 सीटों पर चुनाव सम्पन्न करवाए जाएंगें। इसको लेकर 7 हजार 521 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। 11 उम्मीदवार निर्विरोध घोषित किए जा चुके हैं। इस चरण के लिए 14 नवंबर को जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए मतदान होगा। जबकि सरपंच और वार्ड पंच के लिए 16 नवंबर को वोट डाले जायेंगे। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा। मतदान दल 13 नवंबर को रवाना होगें। पंचायत समिति सदस्यों के सभी चरणों में हुए चुनावों के सम्पन्न होने के बाद वोटों की गिनती 20 नवम्बर को होगी।

000

दीपावली के अवसर पर जयपुर में आयोजित दिवाली खुशियों वाली–विशेष आयोजन 2026 के तहत आज रात विधानसभा भवन पर ड्रोन शो आयोजित किया जाएगा। रात नौ बजे होने वाले इस प्रदर्शन में ड्रोन के माध्यम से दीयों, आकर्षक आकृतियों और रोशनी के संदेशों की प्रस्तुति दी जाएगी। यह नजारा शहर के विभिन्न हिस्सों से देखा जा सकेगा। वहीं, कल रात विधानसभा भवन पर विशेष आतिशबाजी का आयोजन होगा, जिससे दीपावली पर गुलाबी नगरी का आसमान रोशनी से जगमगाएगा।

31 अक्टूबर से 11 नवंबर तक चल रहे इस आयोजन में स्वच्छता और उत्सव से जुड़े कई कार्यक्रम शामिल किए गए हैं। दीपावली के अवसर पर शहर की गलियों, हवेलियों और स्मारकों को मिट्टी के दीयों से सजाया जाएगा। घरों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर रंगोली, फूलों, गेंदे के तोरण और कंदील के माध्यम से उत्सवी सजावट की जाएगी।

000

दीपावली पर जयपुर में अग्नि सुरक्षा के लिए नगर निगम ने 477 फायरकर्मियों और अधिकारियों की तैनाती की है। शहर के सभी 12 फायर स्टेशनों के अलावा 12 चिह्नित पुलिस थानों और प्रमुख स्थानों पर दमकल वाहन तैनात रहेंगे। नगर निगम के पास 58 दमकल वाहन और 25 फायर बाइक उपलब्ध हैं। दमकलकर्मी तीन पारियों में 24 घंटे ड्यूटी करेंगे। संकरी गलियों में आगजनी की घटनाओं से निपटने के लिए परकोटे में विशेष इंतजाम किए गए हैं। निगम का कंट्रोल रूम भी चौबीसों घंटे सक्रिय रहेगा।

000

प्रदेश में दिन के तापमान में बढोतरी से हल्की गर्मी बनी हुई है, जबकि रात के तापमान में गिरावट से ठंड का असर बढ़ने लगा है। बीते चौबीस घंटों में पश्चिमी राजस्थान के कई जिलों में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। बाड़मेर में सबसे अधिक 37 दशमलव 8 डिग्री तापमान रहा। वहीं, जोधपुर जैसलमेर, चित्तौड़गढ़ और पाली में भी अधिकतम तापमान 35 डिग्री से अधिक दर्ज हुआ। माउंट आबू में रात का पारा 12 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस रहा,
जो प्रदेश में सबसे कम रहा। अजमेर सहित कई जिलों में हल्के बादल छाए रहे। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार, अगले तीन दिनों में तापमान में विशेष बदलाव की संभावना नहीं है। अगले एक सप्ताह तक अधिकांश क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहने और आसमान साफ रहने का अनुमान है।

000

न्यूजीलैण्ड के वेलिंगटन में खेले जा रहे वनडे क्रिकेट मुकाबले में आज न्यूजीलैण्ड ने भारत को जीत के लिए 135 रन का लक्ष्य दिया है। पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे मैच में मेजबान न्यूजीलैंड को

भारत ने 41 ओवर में 134 रन पर ऑल आउट कर दिया। इस पारी में गुरूनूर बरार ने 4 विकेट लिये, वहीं अंशुल कम्बोज, आकिब नवी और अक्षर पटेल ने 2–2 विकेट हासिल किये।

000